तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 खेतों में पराली जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें : कलेक्टर





14 समाज में टूटते परिवार चिंतनीय है : डॉ. किरणमयी









## खबर संक्षेप

### गंगरेल में कौशल प्रशिक्षण शिविर आज

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में निःशुल्क प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कम्प्यूटर हार्डवेयर कोर्स में तत्काल बैच प्रारंभ होनी है। कौशल प्रशिक्षण के लिए पंचायत क्षेत्र के युवाओं के चयन हेतु 18 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम चार बजे तक ग्राम पंचायत भवन गंगरेल में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### प्रायोगिक परीक्षा 22 को

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी जीई के कम्प्यूटर फंडामेंटल एंड एमएस ऑफिस की छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 22 दिसंबर रविवार को प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थियों को प्रेक्टिकल रिकार्ड पर संबंधित प्राध्यापक से हस्ताक्षर करवाकर परीक्षा तिथि पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

### बेन्द्रा नवागांव में मड़ई 26 को

**पुरी।** ग्राम बेंद्रा नवागांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 26 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम के उपसरपंच, सहदेव नेताम, राजेन्द्र ध्रुव, शिशुपाल ध्रुव ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों ने मनोरंजन के लिये मयारु गंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सराबोग उड़ीसा का कार्यक्रम रखा है।

### डाही में मड़ई मेला 20 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डाही में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 20 दिसंबर शुक्रवार को हाईस्कूल मैदान में रखा गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम नीचे कोहड़ा अंबागढ़ चौकी मानपुर मोहला का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में अंजत कोसरिया, खिलावन खरे, चम्मन सोनवानी, चोवाराम सोनवानी, लक्षण डहरे, तामेश्वर सिन्हा जुटे हैं।

### डाही में घासीदास जयंती समारोह आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डाही में इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को किया गया है। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। शाम 4 बजे पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण होगा। रात्रि 8 बजे से पंथी गायन एवं प्रतियोगिता की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता इंद्र कुमार देशलहरे, प्रमोद सोनबेर होंगे। अध्यक्षता लक्षण डहरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि बसंत मरकाम सरपंच, ओमप्रकाश चंदे सहायक प्राध्यापक, राजेंद्र चंदे प्रधानपाठक, गजानंद सोनवानी प्राचार्य, विष्णु सोनवानी शिक्षक, लोमप्रकाश सोनवानी संकुल समन्वयक, देवेंद्र कुमार सोनवानी होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष खिलावन खरे, उपाध्यक्ष राकेश मनहरे, कोषाध्यक्ष अंजत कोसरिया, सचिव टिकेश्वर सोनवानी, सहसचिव राजू डाहरे, संरक्षक गुलाब सोनवानी, कुंजलाल चंदे, सुनेत सोनवानी, शिक्षक हरीश चंदे, शिक्षक डेनेश चंदे जुटे हैं।

---

आरक्षण की प्रक्रिया के लिए अगले आदेश का इंतजार

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार तथा गुरूवार को आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण पर अचानक ब्रेक लग गया है। वहीं नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण को लेकर कोई आदेश जारी नहीं होने से असमंजस की स्थिति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि पंचायत संचालनालय ने 11 दिसंबर को आरक्षण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आदेश जारी किया था, जिसमें 17 तथा 19 दिसंबर को जिला पंचायत एवं जनपद सभाकक्षों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य तथा अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया की जानी थी। प्रशासनिक तैयारी के बीच 16 दिसंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय ने समस्त कलेक्टरों को आदेश जारी कर कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण की कार्रवाई के लिए समय - सारिणी जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्रवाई को स्थगित किया जाता है।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आरक्षण के स्थगित होने को लेकर कई तरह की चर्चा व्याप्त है। चुनावी मामलों के जानकारों की माने तो 50 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर पेच फंस गया है। शासन ने पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या जानने 2024 में जनगणना कराई है। 2024 जनगणना के हिसाब से ओबीसी के आरक्षण पर अजा, अजजा मोर्चा को आपत्ति है। मोर्चा का कहना है कि आरक्षण 2011 की जनगणना पर होना चाहिए या अजा, अजजा के लिए भी 2024 की जनगणना होनी चाहिए। संभवतः आरक्षण प्रक्रिया को टालने की यह मुख्य वजह हो सकती है।

आरक्षण प्रक्रिया के एक दिन पहले स्थगन आदेश से चुनाव की तैयारी में जुटे लोगों में निराशा है। जनपद में आरक्षण प्रक्रिया को देखने पहुंचे ग्रामीणों को मायूस लौटना पड़ा है। लोगों को आरक्षण के लिए अब अगली तारीख का बेसब्री से इंतजार है।

### नगरीय निकाय आरक्षण पर संशय, 19 दिसंबर को होना है आरक्षण

शासन नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को एक साथ कराने की तैयारी में है। निकाय चुनाव के लिए आरक्षण 19 दिसंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगा। फिलहाल निकाय आरक्षण के स्थगित होने की कोई सूचना नहीं है। अगर निकाय चुनाव का आरक्षण तय समय में होता है तो जनवरी माह में चुनाव संपन्न हो सकता है। गौरतलब है कि सन 2019 में 21 दिसंबर को निकाय चुनाव हुआ था। 24 दिसंबर को मतों की गिनती हुई थी। पंचवर्षीय कार्यकाल 4 जनवरी को समाप्त हो रहा है। जनवरी माह में चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया तय समय में किया जाना जरूरी है। 15 फरवरी से बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो रही है। आरक्षण और चुनाव का समय खिसकने से प्रशासनिक अधिकारियों को निकायों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## 55 पोटाश बम, वन्यजीवों के अंगों के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के पास से बड़ी संख्या में पोटाश बम और वन्यजीव के अवशेष बरामद किए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीम द्वारा अभी और छानबीन की जा रही है।

मामला नगरी क्षेत्र का है। मुखबीर की सूचना पर अभ्यारण्य क्षेत्र के डीएफओ वरूण जैन के मार्गदर्शन पर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने भट्ठी चौक प्रकाश नेताम के घर में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस को उसके घर से 55 नग पोटाश बम और 80 नग भालू के नाखून व दांत मिले। इसके अतिरिक्त साल खपरी, सियार के खाल भी मिले हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले पोटाश बम से घायल एक हाथी के शावक की मौत हो गई थी। इसके बाद वन विभाग लगातार पोटाश बम रखने वालों की खोज खबर ले रहा है। इसी दौरान वन विभाग और पुलिस की टीम को यह बड़ी सफलता मिली है।

---

छग राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने की प्रकरणों की सुनवाई

# महिला आयोग की पहल पर सुखी हुआ परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

एक महिला ने राज्य महिला आयोग से शिकायत की थी कि उसका पति मारपीट करता है। पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। महिला आयोग की पहल पर पति का उपचार सेंद्री में करवाया गया। आज उसकी मानसिक स्थिति सुधर चुकी है। मंगलवार को फिर से कलेक्टोरेट में सुनवाई हुई, जिसमें पीड़ित महिला ने महिला आयोग को मोबाइल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित सदस्यगण श्रीमती सरला कोसरिया, दीपिका सोरी एवं श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष धमतरी में महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई की। यह डॉ. नायक की अध्यक्षता में 298 वीं सुनवाई थी। धमतरी जिला में 11वीं सुनवाई थी, जिसमें कुल 11 प्रकरणों को रखा गया था।

पिछली सुनवाई में एक महिला ने शिकायत की थी कि उसके पति की मानसिक स्थिति खराब है। उसके दो बच्चे भी हैं। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मारपीट करता है। पूरा परिवार बिखर गया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने पुलिस अधीक्षक धमतरी से टेलीफोनिक चर्चा कर आवेदिका के पति के इलाज से संबंधित निर्देश दिया था। महिला सेल धमतरी के सहयोग से आवेदिका के पति को सेंद्री अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद आज वह पूर्णतः स्वस्थ होकर परिवार की जिम्मेदारी उठा रहा है।






### अपमान के लिए मांगी माफी

एक अन्य मामले में महिला ने बताया कि उसने 35 वर्ष पूर्व अंतरजातीय विवाह किया था। पिछली सुनवाई में पति के समाजवालों ने उन्हें समाज में मिलाने का आश्वासन दिया था। 14 मई 2024 को ग्राम अहिवारा में समाज की बैठक में आवेदिका और उसके समाज के लोग भी पहुंचे थे किन्तु वहां दो लोगों द्वारा सार्वजनिक द्वारा माईक पर आवेदिका के परिवार का मजाक बनाया गया। अनावेदकों द्वारा माफी मांगी गई। अध्यक्ष ने आयोग से निवेदन किया है कि फरवरी में वार्षिक सभा में इस प्रकरण का अंतिम निराकरण कर दिया जायेगा। इस प्रकरण को आयोग में फरवरी माह में सुनवाई के लिए रखा गया है। इसके अतिरिक्त कई अन्य मामलों की सुनवाई हुई।

### बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** मंदिर में टेंट लगाकर घर लौट रहे अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बनवाली राम निषाद पिता कृपाराम उम्र 53 वर्ष ग्राम परेंगुड़ा थाना बालोद निवासी टेंट लगाने का काम करता था। सोमवार की सुबह गांव स्थित शिवजी के मंदिर के सामने टेंट लगाकर पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 24 ई 5447 के चालक ने पैदल जा रहे अधेड़ को ठोकर मार दी। घटना में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैर, सिर व सीने में अंदरूनी चोट लगी थी। घायल को उपचार के लिये मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की दोपहर घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

---

# संजीवनी एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जुड़वा बच्चों का हुआ जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ, परिवार में छाई खुशी

नगरी से रिफर करने पर जिला अस्पताल आ रही गर्भवती महिला ने रास्ते में संजीवनी 108 एम्बुलेंस में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ हैं जिन्हें जांच व उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगरी ब्लाक के ग्राम कुंगेरा निवासी लोकेश मरकाम की पत्नी बिंदु प्रभा मरकाम गर्भवती थी। प्रेग्नेंसी की अवधि पूरी होने पर गर्भवती महिला को सोमवार से प्रसव पीड़ा शुरु हो गई। प्रसव पीड़ा बढ़ते देख परिजनों ने इसकी सूचना संजीवनी 108 को दी। नगरी लोकेशन की संजीवनी 108 के पायलट प्रवीण दास व ईएमटी टोमेंद्र वर्मा तत्काल एम्बुलेंस के साथ ग्राम कुंगेरा पहुंचे। प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती को लेकर एम्बुलेंस अस्पताल के लिए रवाना हुई। इस दौरान रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ने लगी। रात्रि 9 बजे के लगभग एम्बुलेंस नगरी रोड से होकर जिला अस्पताल के लिए बढ़ रही थी। प्रसव के अंतिम क्षण को देख एम्बुलेंस को कुम्ड़ाईन देवी मंदिर ग्राम कुम्हड़ा के पास सड़क किनारे रोका गया। महिला की हालत को देख ईएमटी टोमेंद्र वर्मा ने पूरे धैर्य व कुशलता के साथ प्रसव प्रक्रिया को संभाला। ईआरसीपी की सहायता लेते हुए डा. संजय की चिकित्सकीय सलाह से सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। प्रसव पश्चात जांच व उपचार के लिए महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला व उसके दोनों बेटे स्वस्थ हैं। जुड़वा बच्चे पाकर माता- पिता व परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।



## बाइक शिलालेख की दीवार से टकराई, एक युवक की मौत

- दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने सनौद के लिए निकले थे, डोमा के पास हुआ हादसा
- साथी बाइक सवार युवक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल में निकले सेमरा (डी) का युवक अनियंत्रित होकर ग्राम डोमा के पास तालाब किनारे मनरेगा की शिलालेख दीवार से टकरा गया। इससे बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे सवार साथी युवक गंभीर रूप से घायल है।

मामला कुरुद थाना क्षेत्र का है। मंगलवार की सुबह तकरीबन सुबह 11 बजे ग्राम सेमरा (डी) निवासी टीकाराम पटेल पिता स्व. कल्याण पटेल उम्र 35 वर्ष अपने साथी कीर्तन पटेल के साथ मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 05, एबी 6735 से ग्राम सनौद (पलारी) अपने रिश्तेदार के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने निकले थे। करीब 12 बजे दोनों बाइक सवार ग्राम डोमा रोड में तालाब के पास बने मनरेगा निर्माण कार्य की शिलालेख दीवार से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि बाइक के टकराने से दीवार बाइक चालक टीकाराम के सिर पर गिर गई जिससे युवक की मौके पर ही गहरी चोट लगने से मौत हो गई। वहीं उसके साथ कीर्तन पटेल को भी गंभीर चोट आई है जिसे 108 एम्बुलेंस से जिला सरकारी अस्पताल धमतरी ले जाया गया। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



---

एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# जनगणना के अनुपात में आरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा ने जनगणना के बाद जनसंख्या के अनुपात में पंचायत एवं निकाय चुनाव आरक्षण करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

मंगलवार को एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा ने बिलाई माता मंदिर मैदान में सभा आयोजित की। सभा को सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने संबोधित किया फिर बिलाईमाता मैदान से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। रैली के पश्चात कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व आदिवासी समाज एवं संयुक्त मोर्चा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण का पालन कराने 4 बिंदुओं पर शासन-प्रशासन को ध्यानाकृष्ट कराया है। संयुक्त मोर्चा ने कहा है कि जनगणना का आंकड़ा 2011 को माना जाए। किसी कारणवश 2024 की जनगणना ओबीसी की ली जाती है तो आदिवासी समाज एवं अनुसूचित जाति की भी जनगणना 2024 की होनी चाहिए। जब तक 2024 की आदिवासी एवं अजा की गणना नहीं कराई जाती है तब तक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण पूर्व की भांति रखा जाए। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में गैर संवैधानिक रूप से बनाए गए नगरीय निकायों में पेशा कानून की तर्ज पर सभी अध्यक्ष पदों को आदिवासियों के लिए आरक्षित रखे तथा वार्ड पार्षदों की संख्या नियमानुसार 50 प्रतिशत से ज्यादा होना चाहिए। संयुक्त मोर्चा ने आदिवासी एवं अजा को संवैधानिक रूप से प्रदत्त आरक्षण को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं निर्देश देने की मांग की है।





संयुक्त मोर्चा की रैली तथा ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवनराखन मरई, उपाध्यक्ष काशीराम कंवर, कपिल देशलहरे, रमेश लहरे, भावसिंग डहरे, पालनहार मेश्राम, संजय डागौर, आशीष रात्रे, महेश रावटे, चन्द्रभान मेश्राम, इतवारी गावस्कर, एआर ठाकुर, माधवसिंह ठाकुर, शिव नेताम, जयपाल ठाकुर, रैनलाल देव, गोविंद बढ़ई, अमृत लाल बारला, देवनाथ नगारची, टीकम कंडरा, रमेश नगारची, मदन नगारची, पोखन कंवर, विश्राम दाऊ, जीवन सोनवानी, रामप्रसाद कंवर, उमेश देव, सोमनाथ मरई, होमन सिंह, कतलाम, ललित ठाकुर, छेदप्रकाश कौशिक, नारायण नेताम, ठाकुरराम नेताम, रामेश्वर मरकाम, हर्ष मरकाम आदि शामिल थे।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय बताए

**धमतरी।** जिला चिकित्सालय के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती प्रीति चाण्डक द्वारा जिला जेल में शिविर लगाकर परिरूद्ध 152 बंदियों को मानसिक तनाव को दूर करने, आत्महत्या से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में एनके डहरिया, सहायक जेल अधीक्षक मदनलाल साहू, मुख्य प्रहरी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कसही में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव 22 से

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम कसही में बुधियार सिंह कश्यप परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 से 30 दिसम्बर तक दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। प्रवचनकर्ता आकाश मिश्राजी लखनपुर जिला महासमुंद होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि 22 दिसम्बर को देव स्थापना, जल यात्रा, गौकर्ण कथा, 23 को परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 24 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत जी का चरित्र, 25 को गुरु महिमा, अजामिल कथा, नरसिंह अवतार, प्रह्लाद चरित्र, 26 को समुद्र मंथन, वामन कथा, गंगा उत्पत्ति, राम कृष्ण अवतार 27 को श्री कृष्ण लीला, गोवर्धन धारण, श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह, 28 को कृष्ण अनन्य विवाह, बलदेव ब्रज गमन, सुदामा चरित्र, 29 को भगवान का स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 30 दिसम्बर को श्री गीता उपदेश, हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद का वितरण होगा। मुख्य यजमान बुधियार सिंह श्रीमती मीरा कश्यप होंगे। आयोजन की तैयारी में गिरीश कुमार कश्यप, डेविस कश्यप, राजाराम पाल, दुलेश ध्रुव, अविलाश कश्यप, प्रकाश ध्रुव जुटे हैं।



## निधन

### कुशलराम साहू

**नगरी।** नवदुर्गा विजयादशमी क्रीड़ा महोत्सव समिति बेलरगांव के सहसचिव कुशल राम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

9वीं से 12वीं तक करियर काउंसिलिंग और अनुपयोगी सामग्री के डिस्मेंटल के दिए निर्देश

# खेतों में पराली जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय सीमा, जनदर्शन और जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 9 दिसम्बर से प्रदेश सहित जिले में आयोजित हो रहे सुशासन के एक वर्ष कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने खेतों में पराली जलाने वालों पर कार्रवाई करने और रबी फसल का बीमा कराने सहित समय- समय पर कृषक संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। पीएम सम्मान निधि के तहत की गई कार्रवाई की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। उन्होंने कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों का करियर काउंसिलिंग कराने तथा पीएमश्री योजना के तहत निर्माण कार्य, शेष और पूर्णता के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए। साथ ही पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा की जानकारी उपलब्ध कराने और ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूलों में वापस लाने कहा।

कलेक्टर ने जिले में खराब सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण, पीएमजीएसवाय सहित अन्य निर्माण एजेंसियों को दिए। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में अनुपयोगी सामग्री को 25 दिसम्बर तक डिस्मेंटल कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# अंबिका ने विस सत्र में उठाया क्षेत्र के नल-जल योजना में अनियमितता का मुद्दा

- विधायक ने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत निर्माण कार्य जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में विगत कई वर्षों से जारी है। इस योजना में अनियमितता की शिकायत मिल रही है। सिहावा क्षेत्र से सबसे ज्यादा शिकायत आ रही है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक सिहावा अंबिका मरकाम ने प्रश्नकाल के दौरान संबंधित मंत्री से जानना चाहा कि जिले की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्य वस्तुस्थिति के हिसाब से पूर्ण नहीं पाया जाता है और वर्तमान में परिस्थितियों अलग ही नजर आ रही हैं। इसकी शिकायत सरपंच संघ ने भी की है। कई ग्राम पंचायतों में अभी भी कार्य पूर्ण नहीं है। कहीं पाइपलाइन अधूरी है तो कहीं टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है। लीकेज की अधिकतर समस्याएं रहती हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से जानकारी चाही कि 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति तक घरेलू नल जल कनेक्शन हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त वित्तीय वर्ष में 31 अक्टूबर 2024 तक कितनी कितनी केंद्रांश , राज्यांश राशि प्राप्त हुई है। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 का लक्ष्य 46561, 2023- 24 का लक्ष्य 39 865, 2024- 25 31 अक्टूबर 2024 तक संलग्न है। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से मंत्री से क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। मंत्री ने जांच कर संबंधित पर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

# अहिल्याबाई होल्कर प्रशासनिक कुशलता की अद्वितीय आदर्श थीं

- स्वामी आत्मानंद स्कूल मगरलोड में जयंती पर हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मजयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

महेश शर्मा जिला अध्यक्ष पुण्य श्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह आयोजन समिति जिला धमतरी ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को स्मरण करने पर व्यक्ति में स्वयं ही राष्ट्र प्रेम, स्वधर्म, प्रेम की भावना जागृत हो जाती है। मुख्य वक्ता श्रीमती चेतना रणसिंह जिला सचिव अहिल्याबाई होल्कर समिति ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत्त को बताया। उन्होंने बताया कि उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक गौरवशाली स्वर्णिम पर्व है। वे कर्तव्य परायण, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण, प्रशासनिक कुशलता की अद्वितीय आदर्श थीं। लीना भारती सिन्हा ने कहा कि अहिल्या बाई समाज सुधारक, कृषि सुधारक, जल प्रबंधन, पर्यावरण रक्षा, जनकल्याण और शिक्षा के प्रति समर्पित थीं। केवल अपने राज्य में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण देश के मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। उनकी सादगी, चारित्र्य, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रीय स्वाभिमान के मार्ग पर अग्रसर होना ही उन्हें सच्ची श्रध्दांजलि होगी।

इस अवसर पर प्राचार्य आत्माराम साहू, सियाराम कुर्रे, मुकेश पटेल, कामता प्रसाद, कुमलेश कुमार साहू सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन घनश्याम साहू ने किया।

## स्वयंसेवकों ने एकत्र की 500 थालियां और थैले



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनूठा और प्रभावशाली अभियान एक थाली एक थैला शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य प्रयागराज महाकुंभ को पॉलीथिन और डिस्पोजेबल सामग्री से मुक्त रखना है। कुरूद खंड के स्वयंसेवकों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने स्थानीय समुदाय से 500 थालियां और 500 थैले एकत्र किए हैं। स्वयंसेवकों का संदेश है कि प्रयागराज महाकुंभ में पॉलीथिन और डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न्यूनतम होना चाहिए। इस अभियान में धनेश्वर निर्मलकर, जितेंद्र चंद्राकर, नेमीचंद बैस, शशांक कृदत्त, संतोष चंद्राकर, विकास चंद्राकर और भूषण देवांगन ने

## उमरगांव धान खरीदी केंद्र में हुआ किसानों का सम्मान

- विधानसभा प्रभारी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पूरे छत्तीसगढ़ मे सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा अंतर्गत धान खरीदी उपार्जन केन्द्र उमरगांव में सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि दुबे विधानसभा प्रभारी थे। अध्यक्षता गिरवर भंडारी ने की। विशेष अतिथि तोषण साहू, लीलांबर शेष, देवेंद्र सेन, लखन पुजारी, जनक साहू, तुलसी साहू, लालसिंग साहू, कवल यादव थे। रवि दुबे ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर किसान अहेर सिंह कुंजाम उमरगांव, प्रभु राम पोडीडीही, विजय साहू सारंगपुरी, गोविंद सिंह मौहाबाहरा, रामसाय छिंन्दीटोला, धरम सिंह भीरागांव को तिलक लगाकर व गमछा, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर जीवन लाल साहू प्रबंधक, सोहन पटेल फड़ प्रभारी, यतींद्र बिसेन कंप्यूटर आपरेटर, टिकेश कुमार मरकाम, सावेश मरकाम, विष्णु शेष सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिला : खेमेश्वर राव

- संकुल केंद्र कोसमर्रा में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के विद्यालय प्रांगण में कोसमर्रा, सिहाद एवं देवरी विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली, मेहंदी, पोस्टर,पेंटिंग, क्विज, फैंसी ड्रेस, पोस्टकार्ड लेखन, भाषण, स्लोगन पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हायर सेकेंडरी शाला विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वर राव वाकडे, प्राचार्य चैतराम साहू, शिक्षाविद भगवानी राम शान्डिल्य ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया । आम जनता में काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। छग में विकास की गंगा बह रही है। लोगों में खुशहाली है। महतारी वंदन योजना, नियद नेल्लानार योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, नारी शक्ति का सम्मान, श्री रामलला दर्शन योजना, छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, जल जीवन मिशन योजना, पीएम श्री योजना जैसी अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

## अंचल की खबरें

### शिक्षा का स्तर जांचने आमदी में हुई परख परीक्षा



**आमदी(धमतरी)।** शिक्षा का स्तर जांचने शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में परख परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं के 26 विद्यार्थी उपस्थित रहे। बीईओ अमित तिवारी एवं बीआरसीसी ललित सिन्हा ने निरीक्षण किया। शिक्षिका सविता छाटा ने बताया कि परख परीक्षा केंद्र शासन द्वारा हर तीन साल में आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर का आकलन करना है। मौके पर नेहा सोलंके, सानिया कुंजाम समेत स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### खरतुली में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**धमतरी।** ग्राम पंचायत खरतुली में जनपद सदस्य रोशनी पवार एवं सरपंच दिनेश सिन्हा द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। फिरतू तालाब पार में जनपद पंचायत के 15वें वित्त मद 1.70 की राशि से बोर खनन के साथ ही नाली एवं कांक्रीटीकरण कार्य का भी भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री प्रकाश पवार, पंचगण रोहित सिन्हा, पुनारद साहू, सरोजनी सेन, ललिता उइके, भारत साहू, उत्तम साहू, रवि सेन, चुम्मन साहू उपस्थित थे।

### विष्णु सरकार में छत्तीसगढ़ खुशहाल : महेंद्र



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णु सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश पर्व मनाया जा रहा है। भाजपा जोगी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित अपनी टीम के साथ विष्णु सरकार के 1 वर्ष के लेखा-जोखा अर्थात उनकी उपलब्धि के हैंडबिल, ब्रोशर लेकर जनमानस तक पहुंचे। इस अवसर पर श्री पंडित ने कहा कि सुशासन के एक साल में छत्तीसगढ़ खुशहाल हुआ है।

### बारना में शिव महापुराण सुनने उमड़ा जनसैलाब

**धमतरी।** ग्राम बारना के गुड़ी चौक में पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। कथावाचक शिवानन्द महाराज धमतरी हैं। प्रथम दिवस शिवमहापुराण कथा महात्म्य, द्वितीय दिवस मृत्युलोक में प्रथम शिवलिंग का प्रकट, बेलपत्र , जल चढ़ाने का महत्व व युवाओं में बढ़ते नशापान पर विशेष व्याख्यान दिया। तृतीय दिवस दान का महत्व, सती चरित्र, पार्वती जन्म की कथा सुनाई।

प्रथम पुण्यतिथि
जन्म 02.10.2008
स्वर्गवास 18.12.2023


स्व. रोशन कश्यप
- परिचय -
प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर (घुड़गुड़ा) में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत थे।
- कार्यक्रम -
दिनांक : 18.12.2024, बुधवार
कार्यक्रम सुबह 10 बजे
स्थान - ग्राम जैतपुरी, तह. बेलरगांव जिला धमतरी (छ.ग.)
- विनीत -
संतोष कश्यप (पिता)
श्रीमती ममता कश्यप (मां)
स्व. श्री दक्षूराम कश्यप (दादा)
स्व. श्रीमती नीराबाई कश्यप (दादी)
श्री भीखम कश्यप (छोटे दादा)
श्रीमती गीता कश्यप (छोटी दादी)
किशोर कश्यप (चाचा)
मोनिका कश्यप (चाची)
टिकेश्वर कश्यप (चाचा)
ताम्रध्वज कश्यप (बड़े भाई)



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400

धमाका ऑफर
डिलीवरी सुविधा उपलब्ध
राजनीतिक कार्य वजीब दाम में
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


परधन पत्थर जानिये, पर माता अपन समान ।
प्राणी मात्र पर दया करो, अपना जैसा प्राण ।।
बाबा गुरु घासीदास जी
की 268 वी जयंती पर
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
हरीशंकर सोनवानी
जिलाध्यक्ष भाजपा अ.जा. मोर्चा
जिला-धमतरी
पुरन धृतलहरे
जिला महामंत्री भाजपा अ.जा. मोर्चा
जिला-धमतरी
भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला धमतरी (छ.ग.)


बाबा गुरु घासीदास जी
की 268 वी जयंती पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
भावसिंह डहरे जी
जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी
खिलावन बारले जी
जिला सचिव सतनामी समाज धमतरी
अशोक बंजारे जी
ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज कुरूद
पं. शंकर रात्रे जी
प्रधान संचालक सतनामी समाज धमतरी
हरीशंकर सोनवानी
डॉ. रोहित कुर्रे
तेजेश्वर कुर्रे
आशा रात्रे
परमानंद कुर्रे
पुरन धृतलहरे
सतनामी समाज जिला धमतरी (छ.ग.)


।। मानवता का दूसरा नाम सतनाम ।।
18 दिसम्बर गुरुघासी दास
जयंती की देश एवं प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तेजेश्वर कुर्रे जी
जिला अध्यक्ष जनता कांग्रेस छग (जे)
जिला धमतरी (छ.ग.)
स्व. श्री अजित प्रमोद कुमार जोगी
प्रथम मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
श्रीमती रेणु जोगी
राष्ट्रीय अध्यक्ष जनता कांग्रेस छग (जे)
श्री अमित जोगी
प्रदेश अध्यक्ष जनता कांग्रेस छग (जे)
श्रीमती ऋचा जोगी
फिरोज खान
पूर्व जिलाध्यक्ष
मो. चिस्ती माईन
असरफी
भारत जोशी
भागीराम कश्यप
मनोज मारकंडे
इंद्र कुबेर लहरे
निखिल ढीढी
सुरेश महिलांगे
हेमलाल यादव
कौशल ओगरे
आकाश जोशी
प्रदीप ओगरे
प्रहलाद सोनवानी
अमन जोशी
मुकेश महिलांगे
साहिल सोनवानी
राधेश्याम जोशी
- विनीत -
जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)
एवं कुरूद विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता
गंगाराम गंगेले
सत्यनारायण साहू


परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी
की 268 वी जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
कपिल देशलहरे
रमेश लहरे
विजय सोनवानी
आयोजक - सतनामी समाज जिला धमतरी

## खबर संक्षेप

### हरदीभाठा में आज घासीदास जयंती

**नगरी।** ग्राम हरदीभाठा में 18 दिसम्बर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा का 268वां जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जैतखाम पर पालो चढ़ाया जाएगा। रात्रि में जय महावीर छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ग्राम अरंड पिथोरा जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम होंगी। अध्यक्षता विष्णु टंडन करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच मुनेंद्र ध्रुव, इतवारी सोनवानी, धनेश कुमार बेर, रमेश्वरी भंडारी, रेखराज निषाद होंगे।

### भाजपा मंडल नगरी का चुनाव आज

**नगरी।** भाजपा मंडल नगरी के मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की कार्रवाई 18 दिसंबर को होगी। चुनाव मंडल निर्वाचन अधिकारी इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, चुनाव सह अधिकारी रविशंकर दुबे द्वारा संपन्न कराया जायेगा। बैठक में विशेष रुप से भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा एवं महामंत्री द्वय हृदय साहू, राजेश गोसाई ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### सेमरा में मनेगी घासीदास की 268 वीं जयंती

**कुरुद।** ग्राम सेमरा (बी) में संत शिरोमणि बाबा घासीदास की 268 वीं जयंती एवं जैतखाम लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि श्रीमती कविता योगेश बाबर सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगी। अध्यक्षता श्रीमती राधिका साहू सरपंच करेंगी। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र साहू, तेजराम चन्द्राकर केशवराम साहू, कार्तिक राम, कमलकिशोर यादराम, बालकृष्ण एवं दिनेश राजपूत होंगे। कलश यात्रा सतनाम भवन से जैतखाम तक दोपहर 12 बजे निकाली जायेगी। ध्वजारोहण एवं स्थापना दोपहर 3 बजे होगी। रात्रि में सतनाम चौका पूजा बरबसपुर (दुर्ग) की प्रस्तुति होगी।

### मानव जाति के प्रेरणास्रोत हैं गुरु घासीदास : तेजेश्वर

**कुरूद।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के धमतरी जिला अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर परिसर में घटित घटना से जेल में बंद निर्दोषों को निःशर्त रिहा करने और संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जन्म स्थली जिला बलौदाबाजार का नाम बाबा गुरु घासीदास धाम के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाबा मानव जाति के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने मनखे- मनखे एक समान का नारा देकर समाज में व्याप्त ऊंच नीच, जात पात, भेदभाव, छुआछूत और कुरीति मुक्त समाज की स्थापना का संदेश दिया है लेकिन दुर्भाग्य है कि आज भी वंचित वर्ग के साथ अन्याय और अत्याचार जारी है। झूठे मामलों में फंसाकर निर्दोष लोगों को जेल में बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जेल में बंद निर्दोषों की रिहाई से ही सही मायने में बाबा की जयंती सार्थक होगी और उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### कीटव्याधि की रोकथाम के लिए दी सलाह

**धमतरी।** रबी वर्ष 2024-25 में दलहन, तिलहन फसल की खेती वृहद रकबा में की जा रही है। मौसम में आकस्मिक बदलाव के कारण दलहन, तिलहन फसलों में कीट प्रकोप के लक्षण दिखाई दे रहे है। चना एवं मसूर के पौधों में इल्ली कोट से तना एवं पत्तियों को कुतरने से पौधा विकसित नहीं हो पाता है। इसके मद्देनजर उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने जिले के किसानों को सम-सामयिक सलाह दी है। उन्होंने बताया कि किसान फसलों की सतत रूप से निगरानी करें एवं खेतों की मेड़ पर चिड़ियों के बैठने के लिए टी आकार के खुंटे लगायें। जैविक विधि से इल्लियों की रोकथाम के लिए एक लीटर आग्नेय आस्त्र की मात्रा को 10 लीटर पानी में घोलकर सुबह एवं शाम छिड़काव करें।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रेस्ट हाउस में पत्रकारों से की चर्चा

# समाज में टूटते परिवार चिंतनीय है : डॉ. किरणमयी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक मंगलवार को विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई के लिए धमतरी पहुंची। इस दौरान कलेक्टोरेट जाने से पहले रेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन में विवाद नहीं होना एक परिवार का संकेत है। कुछ लोग पत्नी रहते हुए भी दूसरी शादी कर रहे हैं, यह उचित नहीं है। प्रेम विवाह के बाद भी तलाक की स्थिति निर्मित हो रही है जो चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया पर महिलाओं की सक्रियता, बढ़ते दुष्कर्म, प्री वेडिंग शूट पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रकरणों की सुनवाई के दौरान कई प्रकार के मामले आते हैं। प्रेम विवाह में भी दो मामले आते हैं। पहला पूरी तरह वयस्क जोड़े तथा दूसरा अवयस्क लड़की लड़का होता है। कुछ दिनों के बाद सपने टूट जाते हैं फिर रिश्ते टूटने लगते हैं। प्री वेडिंग शूट का गलत इस्तेमाल हो रहा है। दुष्कर्म के मामले में नाबालिग की संलिप्तता चिंतनीय है। पढ़ने की उम्र में मोबाइल देखकर बिगड़ रहे हैं। मोबाइल का सही उपयोग करें।

सोशल मीडिया में लड़कियों और महिलाओं की बढ़ती सक्रियता और अभाषीय दुनिया से कई अनजान दोस्त बनने लगे हैं। ऐसे चक्करों में महिलाएं न पड़े। उन्हें आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, कराते सीखनी चाहिए। पालकों को चाहिए कि वे बेटियों को संस्कार की शिक्षा दें। बेटों को भी संस्कारी बनाएं। लोगों की इज्जत करना सिखाएं। संस्कार की शिक्षा ले ली तो समाज में अपराध नहीं होंगे।

#### महिलाओं के अधिकार, उनकी सुरक्षा को लेकर की चर्चा



महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक से रेस्ट हाउस में महापौर विजय देवांगन ने मुलाकात की। महापौर ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विचार विमर्श किया। बैठक में महिलाओं के अधिकार, उनकी सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को लेकर चर्चा की। महापौर श्री देवांगन ने कहा कि महिला आयोग का कार्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना है। उन्होंने आयोग की अध्यक्षता में किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि इससे महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिल रही है। किरणमयी नायक ने महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने और उनके खिलाफ बनाए गए कानूनों को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बैठक में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्थानीय प्रशासन और समाज के स्तर पर किए गए प्रयासों की समीक्षा की। इस दौरान लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रामभवन कुशवाहा उपस्थित थे।

■ महिला आयोग अध्यक्ष का महापौर ने किया स्वागत

# मितानिनों व स्वच्छता दीदियों की हड़ताल से नियमित सेवाएं हो रही बाधित

■ स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल, शहर में कचरों का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले की सभी मितानिन व स्वच्छता दीदी इन दिनों अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। मितानिनों की हड़ताल से जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं, वहीं स्वच्छता दीदियों के आंदोलन से शहर की साफ सफाई का काम ठप है।

तीन प्रमुख मांगों को लेकर जिले की 1937 मितानिनें हड़ताल पर हैं। 13 दिसम्बर से कलमबंद, कामबंद हड़ताल की। 16 दिसम्बर को गांधी मैदान में धरना दिया। धरना प्रदर्शन में मितानिनों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। संघ की कविता ध्रुव, सेविका पटेल ने बताया कि तीन मांगों में सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वय, एरिया, को-आर्डिनेटर, मितानिन हेल्प डेस्क, फैसिलिटेटर को एनएचएम में संवलियन किया जाए। सभी एसएचआरसी एनजीओ के साथ काम नहीं करेगी। अन्य एसएचएसआरसी जैसी संस्था के साथ काम नहीं करेगी। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उनकी हड़ताल से कुष्ठ कार्यक्रम, टीबी सर्वे, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित अन्य सेवाएं बाधित हैं।

इधर स्वच्छता दीदियों की हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। घरों से कचरा बाहर नहीं निकल रहा है। सड़कों में सफाई नहीं दिख रही है। जिला अध्यक्ष जितेश्वरी साहू ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कलेक्टर दर पर मानदेय, पीएफ की राशि की कटौती, साप्ताहिक अवकाश शामिल हैं। जिले की सभी 300 से अधिक स्वच्छता दीदियां रायपुर तूता में धरनारत हैं। इसके अलावा निगम के सभी नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से निगम का कामकाज ठप है। उनकी हड़ताल रायपुर तूता में चल रही है।

# शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से दानीटोला नया सड़क मार्ग पर एक युवक द्वारा मोटर साइकिल से अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी केवल जाधव पिता तोखन उम्र 31 वर्ष मराठापारा निवासी के कब्जे से बोरी में रखी 44 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3,960 रूपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी केवल जाधव को आबकारी एक्ट 34/2 के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

# घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर सतनामी समाज ने निकाली रैली





■ रास्ते में विभिन्न समाज, संगठन के लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज द्वारा घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रैली निकाली गई। रैली घड़ी चौक से प्रारंभ हुई जो बालक चौक, गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी प्रांगण में समाप्त हुई।

रैली में सभी समाजजन शामिल हुए। पंथी नृत्य सहित अन्य रंगारंग कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष कपिल देशलहरा ने कहा कि गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त कुप्रथा को समाप्त करने की कोशिश की। शोषित वर्ग, निर्बल लोगों के उत्थान के लिए मानव समाज को संदेश दिया। उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य पशु बलि, तांत्रिक अनुष्ठान, जातिगत विषमता, जाति विभिन्नता को समाप्त कर लोगों की उन्नति के लिए काम करें। उन्होंने हिंसा का विरोध किया। व्यसन से मुक्ति के मार्ग दिखाए। हमें ऐसा काम करना चाहिए ताकि दूसरों को तकलीफ न हो। बाबा ने समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया।

रैली के पूर्व सभी वार्ड से समाजजनों की टोली घड़ी चौक में इकट्ठा हुई। रथ को आकर्षक रूप से सजाया गया था। बाजे-गाजे के साथ निकली रैली में पंथी नृत्य आकर्षण का केन्द्र था। युवाओं ने बाबा के जयकारे लगाने के साथ रास्ते भर आतिशबाजी की।

रैली का विभिन्न वर्ग, संगठन के लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, भूषण जांगड़े, विनोद डिंडोलकर, अजय डहरिया, धनेश नवरंग, दूषण जोशी, तामेश बंजारे, ताकेश बघेल, रविन्द्र बांधे, नवीन मार्कण्डेय, योगेश डहरिया, लोकेश गायकवाड़, देव कुर्रे, आकाश बंजारे, राहुल गायकवाड़, देव कुर्रे, आकाश बंजारे, राहुल गायकवाड़, मुकेश बघेल, भूपेन्द्र भारती, मणिकांत जोशी, लोकेश लहरे, मनीष टंडन, गोपी कुर्रे, डायमंड डिंडोलकर, राजेन्द्र भारती, दीपचंद भारती, रूपेश बघेल, चंदू बंजारे, ठाकुरराम बंजारे, आरपी संभाकर, विजय संभाकर, लुकेन्द्र कुमार, डीसी बंजारे, अजय मार्कण्डेय, अजीत जांगड़े मौजूद थे।

#### आरएसएस के स्वयंसेवकों ने की फूलों की वर्षा



गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 17 दिसंबर को सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का मठमंदिर चौक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और समाजजनों को गले लगाकर शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि बाबा घासीदास के सद्वाक्य मनखे-मनखे एक समान का संघ हमेशा से पालन करता है। संघ समस्त हिन्दू समाज के लोगों को एक मानता है। इसी समरसता की भावना को संघ हर बार सभी हिन्दू समाज के बीच जाकर चरितार्थ करता है।

अंतिम बैठक में सभी पार्षदों ने साझा किए अपने अनुभव

# नपं आमदी के विकास कार्यों की हुई समीक्षा, भावी योजनाओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



नगर पंचायत आमदी में कार्यकाल की अंतिम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कोरोनाकाल की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सभी से मिले सहयोग की सराहना की। बैठक में दिवंगत जनप्रतिनिधियों और सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया।

बैठक में नगर पंचायत के सभी पार्षदों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिली चुनौतियों और उपलब्धियों पर चर्चा की और नगर के विकास में सामूहिक प्रयास की सराहना की। पार्षदों ने अपनी भावनाओं और सुझावों को साझा करते हुए आमदी के भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

समापन अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेश दीवान ने नगर पंचायत अध्यक्ष और सभी सदस्यों एवं पार्षदों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर तेजराम साहू उपाध्यक्ष, पार्षदगण उमानंद कुम्भकार, कोमल यादव, प्रेम साहू, गजेंद्र कुम्भकार, घनानन्द साहू, भीखम साहू, व्यासनारायण निषाद, लेखेश्वरी साहू, अनीता ठाकुर, कविता साहू, सुनीता साहू, लक्ष्मी पटेल, उषा देवांगन, एमन साहू विधायक प्रतिनिधि, डिगेश्वर साहू उपअभियंता, नारायण नेताम उपस्थित थे।

# मुजगहन में भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम मुजगहन में हलधर सोनवानी परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 दिसंबर तक किया गया है। प्रवर्चनकर्ता पंडित मनीष दुबे सौंगा वाले हैं। परायणकर्ता पंडित शिवप्रसाद दुबे हैं। मंगलवार को पंडित दुबे ने कपिल मुनि जन्म, जड़ भरत की कथा सुनाई। कथा सुनने हलधर सोनवानी, त्रिवेणी सोनवानी, धनेश्वरी, गजेंद्र मेश्राम, केसरी सोनवानी, अश्वनी सोनवानी, बलराम सोनवानी, अजय, परमेश्वर, हेमंत, अरुधि, आराध्या सहित मोहल्लेवासी मौजूद थे।

### जोरातराई स्कूल में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपजन

**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई (अंवरी) की प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंदकुमार बनपेला, सरपंच खिलावन पाल, शिक्षाविद मानसिंह साहू, प्रधानपाठक गंगाप्रसाद साहू, महेंद्र साहू, होचंद टांडे, पुष्पा ठाकुर समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सिहाद में गुरु घासीदास जयंती 19 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सिहाद में गुरु घासीदास जयंती 19 दिसंबर को मनाई जायेगी। शाम 4 बजे श्वेत खाम में ध्वजारोहण किया जाएगा। शाम 6 बजे काका भतीजा मंगल भजन कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष गिरिराज मारकंडे, हेमंत कुर्रे, नीलेश्वर रात्रे, राजकुमार कुर्रे ने दी है।

सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड कम्पनी बनाकर धोखाधड़ी करने का आरोप

# भखारा क्षेत्र के भाजपा नेता को एमपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



बीते सोमवार को धोखाधड़ी मामले में भखारा क्षेत्र के भाजपा नेता रामस्वरूप साहू को भोपाल जिला अंतर्गत बाग सेवनिया थाने की पुलिस उनके गृह ग्राम जोरातराई पहुंचकर घर से ही हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। इसकी सूचना धमतरी पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्र्णेय को भी दी गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामस्वरूप साहू की धोखाधड़ी का मामला वर्ष 2021 का है। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए भोपाल जिला अंतर्गत बाग सेवनिया की पुलिस कई दफा छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुकी है। एमपी पुलिस ने रामस्वरूप साहू का मोबाइल ट्रेस किया और सोमवार की सुबह 7 बजे उनके घर पहुंच कर गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि रामस्वरूप साहू सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड नामक चिटफंड कंपनी में शेयर होल्डर थे। जिनमें भोपाल, देहरादून सहित अन्य स्थानों के डायरेक्टर शामिल होकर इसे संचालित कर रहे थे। इसमें निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के मामले में धारा 420,409 कायम है। उक्त मामले में एक शेयर होल्डर की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में रामस्वरूप साहू का नाम भी संलिप्ता में सामने आया है। दो डायरेक्टर की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है।

बता दें कि भखारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी व जिला भाजपा मंत्री रामस्वरूप साहू की गिरफ्तारी की खबर से दबी जुबान चर्चा होती रही, किन्तु खुलकर मामले की सही जानकारी देने से हर कोई बचते रहे। श्री साहू को छुड़ाने के लिए उनके परिजनों के साथ भखारा के कुछ भाजपा नेता सोमवार रात को भोपाल रवाना हो गए हैं।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020





रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 22 दिसंबर 2024, 12 जनवरी 2025, 19 जनवरी 2025, 16 फरवरी 2025, 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 9वीं बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में





जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 30 नवम्बर से 23 दिसम्बर 2024 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-